# गणित

(www.tiwariacademy.com)

(अध्याय – 14)(सांख्यिकी)

(कक्षा – 9)

## प्रश्नावली 14.2

**प्रश्न 1:**

आठवीं कक्षा के विद्यार्थियों के रक्त समूह ये हैं:

A, B, O, O, AB, O, A, O, B, A, O, B, A, O, O,

A, AB, O, A, A, O, O, AB, B, A, O, B, A, B, O

इन आकंड़ों के एक बारंबारता बंटन सरणी के रूप में प्रस्तुत कीजिए। बताइए कि इन विद्यार्थियों में कौन-सा रक्त समूह अधिक सामान्य है और कौन-सा रक्त समूह विरलतम रक्त समूह है।

**उत्तर 1:**

दिए गए आंकड़ों के अनुसार 9 विद्यार्थियों का रक्त समूह A है, 6 विद्यार्थियों का रक्त समूह B है, 3 विद्यार्थियों का रक्त समूह AB है तथा 12 विद्यार्थियों का रक्त समूह O है।

30 विद्यार्थियों के रक्त समूह की बारंबारता बंटन सरणी:

| रक्त समूह | विद्यार्थियों की संख्या |
|---|---|
| A | 9 |
| B | 6 |
| AB | 3 |
| O | 12 |
| कुल योग | 30 |

इन विद्यार्थियों में O रक्त समूह अधिक सामान्य है और AB रक्त समूह विरलतम रक्त समूह है।

**प्रश्न 2:**

40 इंजीनियरों की उनके आवास से कार्य-स्थल की (किलोमीटर में) दूरियाँ ये हैं:

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 3 | 10 | 20 | 25 | 11 | 13 | 7 | 12 | 31 |
| 19 | 10 | 12 | 17 | 18 | 11 | 32 | 17 | 16 | 2 |
| 7 | 9 | 7 | 8 | 3 | 5 | 12 | 15 | 18 | 3 |
| 12 | 14 | 2 | 9 | 6 | 15 | 15 | 7 | 6 | 12 |

0 – 5 को (जिसमें 5 सम्मिलित नहीं है) पहला अंतराल लेकर ऊपर दिए हुए आंकड़ों से वर्ग-माप 5 वाली एक वर्गीकृत बारंबारता बंटन सरणी बनाइए। इस सरणी बद्ध निरूपण में आपको कौन-से मुख्य लक्षण देखने को मिलते हैं?

**उत्तर 2:**

यह दिया गया है कि 0 – 5 को (जिसमें 5 सम्मिलित नहीं है) पहला अंतराल लेकर दिए हुए आंकड़ों से वर्ग-माप 5 वाली एक वर्गीकृत बारंबारता बंटन सरणी बनानी है। यहाँ, आंकड़ों में न्यूनतम दूरी 2 है तथा अधिकतम दूरी 32 है। इसलिए, वर्ग अंतराल 0 – 5, 5 – 10, 10 – 15 आदि हैं।

अतः, वर्गीकृत बारंबारता बंटन सरणी नीचे दी गई है:

| दूरी (किलोमीटर में) | मिलान चिन्ह | इंजीनियरों की संख्या |
|---|---|---|
| 0 – 5 | 𝍸 | 5 |
| 5 – 10 | 𝍸 𝍸 \| | 11 |
| 10 – 15 | 𝍸 𝍸 \| | 11 |
| 15 – 20 | 𝍸 \|\|\|\| | 9 |
| 20 – 25 | \| | 1 |
| 25 – 30 | \| | 1 |
| 30 – 35 | \|\| | 2 |
| कुल योग | | 40 |

सरणी को देखकर यह ज्ञात होता है कि अधिकतर इंजीनियरों के आवास, कार्य-स्थल से 20 किलोमीटर की दूरी से कम है तथा कुछ ही इंजीनियरों का आवास कार्य स्थल से 20 किलोमीटर से अधिक दूरी पर है।

## प्रश्न 3:

30 दिन वाले महीने में एक नगर की सापेक्ष आर्द्रता (% में) यह रही है:

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 98.1 | 98.6 | 99.2 | 90.3 | 86.5 | 95.3 | 92.9 | 96.3 | 94.2 | 95.1 |
| 89.2 | 92.3 | 97.1 | 93.5 | 92.7 | 95.1 | 97.2 | 93.3 | 95.2 | 97.3 |
| 96.2 | 92.1 | 84.9 | 90.2 | 95.7 | 98.3 | 97.3 | 96.1 | 92.1 | 89 |

**(i)** वर्ग 84 – 86, 86 – 88 आदि लेकर एक वर्गीकृत बारंबारता बंटन बनाइए।

**(ii)** क्या आप बता सकते हैं कि ये आंकड़े किस महीने या ऋतु से संबंधित हैं?

**(iii)** इन आंकड़ों का परिसर क्या है?

## उत्तर 3:

**(i)** यहाँ, आंकड़ों में न्यूनतम आर्द्रता 84.9 है तथा अधिकतम आर्द्रता 99.2 है। इसलिए, वर्ग अंतराल 84 – 86, 86 – 88, 88 - 90 आदि हैं। वर्गीकृत बारंबारता बंटन सरणी नीचे दी गई है:

| सापेक्ष आर्द्रता (% में) | दिनों की संख्या (बारंबारता) |
|---|---|
| 84 – 86 | 1 |
| 86 – 88 | 1 |
| 88 - 90 | 2 |
| 90 – 92 | 2 |
| 92 – 94 | 7 |
| 94 – 96 | 6 |
| 96 – 98 | 7 |
| 98 – 100 | 4 |
| **कुल योग** | **30** |

**(ii)** ये आंकड़े वर्षा ऋतु से संबंधित हैं क्योंकि सापेक्ष आर्द्रता अधिक है।

**(iii)** आंकड़ों का परिसर = अधिकतम आर्द्रता – न्यूनतम आर्द्रता = 99.2 – 84.9 = 14.3

## प्रश्न 4:

निकटतम सेंटीमीटरों में मापी गई 50 विद्यार्थियों की लंबाइयाँ ये हैं:

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 161 | 150 | 154 | 165 | 168 | 161 | 154 | 162 | 150 | 151 |
| 162 | 164 | 171 | 165 | 158 | 154 | 156 | 172 | 160 | 170 |
| 153 | 159 | 161 | 170 | 162 | 165 | 166 | 168 | 165 | 164 |
| 154 | 152 | 153 | 156 | 158 | 162 | 160 | 161 | 173 | 166 |
| 161 | 159 | 162 | 167 | 168 | 159 | 158 | 153 | 154 | 159 |

**(i)** 160 – 165, 165 – 170 आदि का वर्ग अंतराल लेकर ऊपर दिए गए आंकड़ों को एक वर्गीकृत बारंबारता बंटन सरणी के रूप में निरूपित कीजिए।

**(ii)** इस सरणी की सहायता से आप विद्यार्थियों की लंबाइयों के संबंध में क्या निष्कर्ष निकल सकते हैं?

## उत्तर 4:

**(i)** यहाँ, आंकड़ों में न्यूनतम ऊँचाई 150 है तथा अधिकतम ऊँचाई 173 है। इसलिए, वर्ग अंतराल 150 – 155, 155 – 160, 160 – 165 आदि हैं। वर्गीकृत बारंबारता बंटन सरणी नीचे दी गई है:

| ऊँचाई (सेंटीमीटरों में) | विद्यार्थियों की संख्या (बारंबारता) |
|---|---|
| 150 – 155 | 12 |
| 155 – 160 | 9 |
| 160 – 165 | 14 |
| 165 – 170 | 10 |
| 170 – 175 | 5 |
| **कुल योग** | **50** |

**(ii)** 50% से अधिक विद्यार्थियों की लंबाई 165 cm से कम है।

**प्रश्न 5:**

एक नगर में वायु में सल्फर डाई-ऑक्साइड का सांद्रण भाग प्रति मिलियन [Part per million (ppm)] में ज्ञात करने के लिए एक अध्ययन किया गया। 30 दिनों के प्राप्त किए गए आंकड़े ये हैं:

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 0.03 | 0.08 | 0.08 | 0.09 | 0.04 | 0.17 |
| 0.16 | 0.05 | 0.02 | 0.06 | 0.18 | 0.20 |
| 0.11 | 0.08 | 0.12 | 0.13 | 0.22 | 0.07 |
| 0.08 | 0.01 | 0.10 | 0.06 | 0.09 | 0.18 |
| 0.11 | 0.07 | 0.05 | 0.07 | 0.01 | 0.04 |

**(i)** 0.00 – 0.04, 0.04 – 0.08 आदि का वर्ग अंतराल लेकर इन आंकड़ों की एक वर्गीकृत बारंबारता बंटन बनाइए।

**(ii)** सल्फर डाई-ऑक्साइड की सांद्रता कितने दिन 0.11 भाग प्रति मिलियन से अधिक रही?

**उत्तर 5:**

**(i)** यहाँ, आंकड़ों में न्यूनतम सांद्रण 0.01 है तथा अधिकतम सांद्रण 0.22 है। इसलिए, वर्ग अंतराल 0.00 – 0.04, 0.04 – 0.08, 0.08 – 0.12 आदि हैं। वर्गीकृत बारंबारता बंटन सरणी नीचे दी गई है:

| सल्फर डाई-ऑक्साइड का सांद्रण (ppm में) | दिनों की संख्या (बारंबारता) |
|---|---|
| 0.00 – 0.04 | 4 |
| 0.04 – 0.08 | 9 |
| 0.08 – 0.12 | 9 |
| 0.12 – 0.16 | 2 |
| 0.16 – 0.20 | 4 |
| 0.20 – 0.24 | 2 |
| **कुल योग** | **30** |

**(ii)** सल्फर डाई-ऑक्साइड की सांद्रता 8 दिन 0.11 भाग प्रति मिलियन से अधिक रही।

**प्रश्न 6:**

तीन सिक्कों को एक साथ 30 बार उछाला गया। प्रत्येक बार चित (Head) आने की संख्या निम्न है:

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 0 | 1 | 2 | 2 | 1 | 2 | 3 | 1 | 3 | 0 |
| 1 | 3 | 1 | 1 | 2 | 2 | 0 | 1 | 2 | 1 |
| 3 | 0 | 0 | 1 | 1 | 2 | 3 | 2 | 2 | 0 |

ऊपर दिए गए आंकड़ों के लिए एक बारंबारता बंटन सरणी बनाइए।

**उत्तर 6:**

बारंबारता बंटन सरणी नीचे दी गई है:

| चित आने की संख्या | बारंबारता |
|---|---|
| 0 | 6 |
| 1 | 10 |
| 2 | 9 |
| 3 | 5 |
| **कुल योग** | **30** |

## प्रश्न 7:

50 दशमलव स्थान तक शुद्ध $\pi$ का मान नीचे दिया गया है:

3.14159265358979323846264338327950288419716939937510

**(i)** दशमलव बिंदु के बाद आने वाले 0 से 9 तक के अंकों का एक बारंबारता बंटन बनाइए।

**(ii)** सबसे अधिक बार और सबसे कम बार आने वाले अंक कौन-कौन से हैं?

## उत्तर 7:

**(i)** बारंबारता बंटन सरणी नीचे दी गई है:

| अंक | बारंबारता |
|---|---|
| 0 | 2 |
| 1 | 5 |
| 2 | 5 |
| 3 | 8 |
| 4 | 4 |
| 5 | 5 |
| 6 | 4 |
| 7 | 4 |
| 8 | 5 |
| 9 | 8 |
| **कुल योग** | **50** |

**(ii)** सबसे अधिक बार आने वाले अंक 3 और 9 तथा सबसे कम बार आने वाला अंक 0 है।

## प्रश्न 8:

तीस बच्चों से यह पूछा गया कि पिछले सप्ताह उन्होंने कितने घंटों तक टी.वी. के प्रोग्राम देखे। प्राप्त परिणाम ये रहे हैं:

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 6 | 2 | 3 | 5 | 12 | 5 | 8 | 4 | 8 |
| 10 | 3 | 4 | 12 | 2 | 8 | 15 | 1 | 17 | 6 |
| 3 | 2 | 8 | 5 | 9 | 6 | 8 | 7 | 14 | 12 |

**(i)** वर्ग-चौड़ाई 5 लेकर और एक वर्ग अंतराल को 5 – 10 लेकर इन आंकड़ों की एक वर्गीकृत बारंबारता बंटन सरणी बनाइए।

**(ii)** कितने बच्चों ने सप्ताह में 15 या अधिक घंटों तक टेलीविजन देखा?

## उत्तर 8:

**(i)** यहाँ, आंकड़ों में न्यूनतम समय 1 घंटा है तथा अधिकतम समय 17 घंटे है। इसलिए, वर्ग अंतराल 0 – 5, 5 – 10, 10 – 15 आदि हैं। वर्गीकृत बारंबारता बंटन सरणी नीचे दी गई है:

| टी.वी. देखने का समय (घंटों में) | बच्चों की संख्या (बारंबारता) |
|---|---|
| 0 – 5 | 4 |
| 5 – 10 | 9 |
| 10 – 15 | 9 |
| 15 – 20 | 2 |
| **कुल योग** | **30** |

**(ii)** 2 बच्चों ने सप्ताह में 15 या अधिक घंटों तक टेलीविजन देखा।

**प्रश्न 9:**

एक कंपनी एक विशेष प्रकार की कार-बैट्री बनाती है। इस प्रकार की 40 बैट्रियों के जीवन-काल (वर्षों में) ये रहे हैं:

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2.6 | 3.0 | 3.7 | 3.2 | 2.2 | 4.1 | 3.5 | 4.5 |
| 3.5 | 2.3 | 3.2 | 3.4 | 3.8 | 3.2 | 4.6 | 3.7 |
| 2.5 | 4.4 | 3.4 | 3.3 | 2.9 | 3.0 | 4.3 | 2.8 |
| 3.5 | 3.2 | 3.9 | 3.2 | 3.2 | 3.1 | 3.7 | 3.4 |
| 4.6 | 3.8 | 3.2 | 2.6 | 3.5 | 4.2 | 2.9 | 3.6 |

0.5 माप के वर्ग अंतराल लेकर तथा अंतराल 2 – 2.5 से प्रारंभ करके इन आंकड़ों की एक वर्गीकृत बारंबारता बंटन सरणी बनाइए।

**उत्तर 9:**

यहाँ, आंकड़ों में न्यूनतम जीवन-काल 2.2 वर्ष है तथा अधिकतम जीवन-काल 4.6 वर्ष है। इसलिए, वर्ग अंतराल 2.0 – 2.5, 2.5 – 3.0, 3.0 – 3.5 आदि हैं। वर्गीकृत बारंबारता बंटन सरणी नीचे दी गई है:

| बैट्रियों के जीवन-काल (वर्षों में) | बैट्रियों की संख्या (बारंबारता) |
|---|---|
| 2.0 – 2.5 | 2 |
| 2.5 – 3.0 | 6 |
| 3.0 – 3.5 | 14 |
| 3.5 – 4.0 | 11 |
| 4.0 – 4.5 | 4 |
| 4.5 – 5.0 | 3 |
| **कुल योग** | **40** |